दिनांकः 15.12.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- राज्य की मौजूदा सरकार के कार्यकाल का आज एक साल पूरा–मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेशवासियों को विभिन्न योजनाओं की सौगात देंगे।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में मुख्य सचिवों के चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे।
- प्रदेश में तेज़ सर्दी के बीच मौसम विभाग ने चार–पांच दिन शीतलहर के हालात जारी रहने की संभावना व्यक्त की।
- जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में आज से अखिल भारतीय सिविल सेवा लॉन टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन।

........................

राज्य की मौजूदा सरकार के कार्यकाल को आज एक साल पूरा हो रहा है। पिछले साल इसी दिन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की थी। पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 12 दिसम्बर से आयोजित हो रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री अब से कुछ देर में डीग जिले के पूंछरी का लौठा में विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास करेंगे।

........................

मुख्यमंत्री दोपहर में जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में सरकार के एक साल के कार्यकाल को समर्पित राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। वे अमर जवान ज्योति पर आयोजित कार्यक्रम में पुलिस विभाग के विभिन्न वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। मुख्यमंत्री, एसएमएस से 101 एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस, 25 पुलिस पेट्रोलिंग वाहन और 22 पुलिस इंटरसेप्टर वाहनों को रवाना करेंगे। इसी प्रकार 750 मोटरसाइकिलों का वितरण होगा। मुख्यमंत्री इसी दौरान कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की शुरूआत भी करेंगे।

आज ही दोपहर में जयपुर के सांगानेर स्थित पिंजरापोल गौशाला में अंत्योदय सेवा शिविरों का राज्य स्तरीय समारोह आयोजित किया जाएगा। हमारे संवाददाता ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यमंत्री दिव्यांगों, विशेष योग्यजनों, श्रमिकों, स्ट्रीट वेंडर्स, दस्तकारों और पात्र व्यक्तियों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की सौगात देंगे।

........................

इस अवसर पर सभी जिलों में भी अंत्योदय सेवा शिविर लगाए जा रहे हैं। इसी के साथ विभिन्न जिलों में आज से मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों का भी आयोजन किया जा रहा है। ये शिविर आगामी 31 जनवरी तक जारी रहेंगे।

इससे पहले, कार्यक्रमों की श्रंखला में कल प्रदेशभर में महिला सम्मेलन आयोजित किये गये। उदयपुर में हुए राज्य स्तरीय सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने महिलाओं से संबंधित विभिन्न योजनाओं की शुरूआत की। राज्य सरकार की पहली वर्षगांठ का मुख्य कार्यक्रम जयपुर के पास दादिया गांव में 17 दिसम्बर को होगा। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी जाएगी।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आज जन्मदिन भी है। इस अवसर पर विभिन्न जिलों में कई अन्य कार्यक्रम भी हो रहे हैं।

........................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में मुख्य सचिवों के चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे। श्री मोदी ने कल सम्मेलन की अध्यक्षता की थी। इसका उद्देश्य राज्यों के सहयोग से साझा विकास एजेंडे का मूल्यांकन और कार्यान्वयन करना है। सम्मेलन में केंद्र और राज्य सरकारों की भागीदारी को सुदृढ़ करने और सहकारी संघवाद, तेज आर्थिक वृद्धि और विकास में बेहतर तालमेल सुनिश्चित करना है। इसमें सभी राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिव, वरिष्ठ अधिकारी और विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। राजस्थान के मुख्य सचिव सुधांश पंत भी इस सम्मेलन में हिस्सा ले रहे हैं।

........................

सरकार ने एक राष्ट्र, एक चुनाव से संबंधित दो विधेयकों को कल लोकसभा में पेश करने के लिए सूचीबद्ध किया है। इनमें संविधान (129वां संशोधन) विधेयक और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक शामिल हैं। एक राष्ट्र, एक चुनाव पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द के नेतृत्व वाली उच्च स्तरीय समिति ने देश में लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनाव एक साथ कराने की सिफारिश की थी।

इस बीच, गृहमंत्री अमित शाह ने उन आरोपों को खारिज कर दिया है कि एक राष्ट्र, एक चुनाव विधेयक संघवाद के सिद्धांतों को कमजोर करता है। नई दिल्ली में टीवी चैनल द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा, लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होना कोई नई बात नहीं है। एक राष्ट्र, एक चुनाव को राष्ट्रपति शैली का मॉडल बताये जाने और इससे भारतीय जनता पार्टी को लाभ मिलने के आरोपों को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि यह गलत है।

........................

झुंझुनूं में प्रवासी राजस्थानियों ने बरसाती पानी को वापस जमीन में रिचार्ज करने के लिए अभियान शुरू किया है। इसके तहत जिले के ऐसे स्थान, जहां बरसात के दौरान पानी इकट्ठा होता है, वहां वॉटर रिचार्ज कुएं बनाए जाएंगे। जिले के प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने इस अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि झुंझुनूं शहर में प्रमुख चौराहे पर बरसात के समय उत्पन्न होने वाली जल भराव की समस्या को रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम से दूर किया जाएगा। इससे जल स्तर भी बढ़ेगा और डार्क जोन होते झुंझुनूं के कई इलाकों के लिए यह प्रोजेक्ट वरदान साबित होगा।

........................

प्रदेश में कड़ाके की सर्दी से जनजवीन प्रभावित हो रहा है। शेखावाटी क्षेत्र और उत्तरी जिलों सहित कई जगह शीतलहर से लोगों की दिनचर्या में बदलाव देखा जा रहा है। सीकर के फतेहपुर में आज भी न्यूनतम तापमान माइनस में रिकॉर्ड हुआ। सरहदी जिले जैसलमेर में सर्द हवाओं से ठिठुरन बढ गई है। सवाईमाधोपुर और भरतपुर में लोग सर्दी से बचने के लिए विभिन्न उपाय कर रहे हैं। हमारे बारां संवाददाता ने बताया कि जिले में तापमान में गिरावट से सर्दी का असर तेज हो गया है।

........................

प्रदेश में न्यूनतम तापमान औसतन रूप से 10 डिग्री से नीचे बना हुआ है। मौसम विभाग ने प्रदेश में आगामी चार–पांच दिन शीतलहर के हालात बने रहने की संभावना जताई है।

........................

खेल और युवा मामलात मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ आज जयपुर के सवाईमानसिंह स्टेडियम में अखिल भारतीय सिविल सेवा लॉन टेनिस प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे। पुरूष और महिला वर्ग में आयोजित होने वाली ये प्रतियोगिता 21 दिसम्बर तक चलेगी। प्रतियोगिता में विभिन्न प्रदेशों की कुल 33 टीमें भाग लेंगी।

........................